वित्त समिति की बैठक 03.01.2018 के कार्यवृत्त

आज दिनांक 03.01.2018 को वित्त समिति की बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे–

1– डॉ. एस.एल. निराला, प्राचार्य
2– श्री उदय चौरसिया, सीए
3– श्री एस.पी. कुर्रे, सदस्य
4– डॉ. कुसुम तिवारी, सदस्य
5– डॉ. सुश्री सुभदा रहालकर, सदस्य
6– डॉ. डी.पी. देवांगन, सहायक परीक्षा नियंत्रक
7– डॉ. कावेरी दाभड़कर, प्रभारी स्वशासी समिति

बैठक में सर्वप्रथम सभी सम्मानीय सदस्यों के प्राचार्य डॉ. एस.एल. निराला द्वारा स्वागत के पश्चात स्वशासी प्रभारी डॉ. कावेरी दाभड़कर द्वारा गत बैठक के कार्यवृत्त का पठन किया गया जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार किया। तत्पश्चात आज के विभिन्न प्रस्ताव को क्रमानुसार इस प्रकार रखा गया।

प्रस्ताव – 1 पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालयीन पत्रिका शुल्क में वृध्दि का प्रस्ताव।

पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालयीन पत्रिका प्रकाशन क दरों में वृध्दि को देखते हुए पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालयीन पत्रिका मुद्रण शुल्क में पूर्व की दरों में (50/–) परिवर्तन करते हुए 75/– रु0 करने का प्रस्ताव विचारार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय – सर्वसम्मति से संस्तुत।

प्रस्ताव – 2 विश्वविद्यालय से उपाधि प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर हेतु देय शुल्क पर विचार।

महाविद्यालय में स्वशासी प्रणाली के अन्तर्गत कार्य संपादित हो रहा है। विगत कई वर्षों की उपाधियों पर वि.वि. से प्रतिहस्ताक्षर का कार्य संपादित नहीं हो रहा है। इस संदर्भ में वि.वि. से उपाधि प्रमाण पत्र पर प्रति हस्ताक्षर हेतु शुल्क की व्यवस्था पर चर्चा की गई। महाविद्यालय अनुदेशों के अनुसार केवल वि.वि. कुलपति को ही उक्त कार्य हेतु राशि देय है। अतः वि.वि. द्वारा शीध्र अतिशीध्र कार्य संपादन कराया जा सके इस हेतु कुछ राशि निर्धारण करने का प्रस्ताव प्रस्तुत।
ज्ञात हो कि छात्राओं से उपाधि शुल्क के रुप में 200/– रु. लिये जाते है। अतः इसी राशि में से यह व्यवस्था की जा सकती है।

निर्णय – समिति ने गहन विचार विमर्श के पश्चात् महावि. उपाधि शुल्क का (200रु. का 5 प्रतिशत 10/– प्रति छात्रा/उपाधि शुल्क) विवि को हस्ताक्षर हेतु देने का प्रस्ताव स्वीकृत व पारित हुआ।

प्रस्ताव – 3 स्वशासी विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर के मानदेय में वृध्दि का प्रस्ताव।

महाविद्यालय में अगस्त 2015 से स्वशासी विभाग में कम्प्यूटर टायपिस्ट कार्यरत है। इस समय स्वशासी विभाग में परीक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यों का संपादन इनके द्वारा किया जाता है (प्रश्न पत्र टाइप करना, परीक्षा परिणाम सहित अंकसूची, अन्य कार्यालयीन कार्य इत्यादि) वर्तमान में सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के पश्चात् कार्य की अधिकता है। पुनः रविवारीय प्रतियोगी परीक्षा संबंधी कार्य का संपादन भी किया जाता है। वर्तमान में इन्हें 12000/– रु प्रतिमाह दिया जाता है। पूर्व में कार्यरत टायपिस्ट को 15000/– रु प्रतिमाह दिया जाता रहा है अतः वर्तमान में स्वशासी विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर को पुनः 15000/– रु. प्रतिमाह करने की अनुशंसा हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

निर्णय –प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित।

प्रस्ताव – 4 <u>अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।</u>

Autonomous In-charge

प्राचार्य
शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)